# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.14(      )शैक्ष. ।।/मदसविवि/2025/100 दिनांकः 02.01.26

समस्त प्राचार्य,
मदस विश्वविद्यालय अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त
समस्त महाविद्यालय

**विषय :–सत्र 2017–18 से सम्बद्धता से संबंधित शुल्कों पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. राशि जमा कराने बाबत्**

**संदर्भ :–विश्वविद्यालय पत्रांक 8160–8540 दिनांक 20.04.2023 व पत्रांक 29995–30445 दिनांक 30.11.2023 , 28013–28452 दिनांक 28.09.2024 व कार्यालय आदेश कमांक 16509–880 दिनांक 21.06.2025**

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र एवं कार्यालय आदेश के क्रम में पुनः सूचित कर लेख है कि महाविद्यालयों को सत्र 2017–18 से 2023–24 तक के सम्बद्धता से संबंधित समस्त शुल्कों यथा– सम्बद्धता शुल्क, निरीक्षण शुल्क, विलम्ब शुल्क, सीट अभिवृद्धि शुल्क, अनापत्ति प्रमाण–पत्र शुल्क (If applicable), आर्थिक दण्ड/शास्ति (Penalty) अन्य शुल्क पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. अविलम्ब जमा कराने हेतु सूचित किया गया था। जो कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अभी तक जमा नहीं करवाया गया है। **केन्द्रीय उत्पाद शुल्क व माल एवं सेवा कर आयुक्तालय द्वारा जो भी शास्ति व ब्याज लगाया जाएगा उसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी।**

ज्ञातव्य रहे कि उक्तानुसार पूर्व के सत्रों (2017–18, 2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24) का 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जमा नहीं होने की स्थिति में सम्बद्धता व उससे संबंधित सेवा किसी भी परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान नहीं की जाएगी। **अतः इसकी पालना के अभाव के फलस्वरूप आपके महाविद्यालय के समस्त छात्रों को होने वाली असुविधा/परेशानी एवं विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार सम्बद्धता वापसी हेतु की जाने वाली कार्यवाही की समस्त जिम्मेदारी आपकी संस्था/महाविद्यालय प्रशासन की रहेगी।**

**कृपया इसे प्राथमिकता प्रदान करें।**

भवदीय,
– Sd –
**कुलसचिव**

क्रमांकःएफ.14(      )शैक्ष. ।।/मदसविवि/2025/101-393 दिनांकः 02-01-26

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, कॉलेज आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा(ग्रुप–4) विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. कुलगुरू सचिवालय, मदस विश्वविद्यालय, अजमेर।
4. वेब एडमिनिस्ट्रेटर, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त आदेश विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड़ करने का श्रम करें।
5. वित्त नियंत्रक, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
6. परीक्षा नियंत्रक, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
7. उप कुलसचिव (शैक्ष–I), म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।
8. निजी सहायक, कुलसचिव, म0द0स0 विश्वविद्यालय, अजमेर।

उप कुलसचिव(शैक्ष–II)